मध्यप्रदेश, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा-पंजाब एवं नई दिल्ली से प्रकाशित
www.ajaybharat.com




दैनिक
# अजय भारत

नई दिल्ली
सोमवार, 27 जुलाई 2026
वर्षः 11, अंकः 119
पेजः08, मूल्य ₹ 2.00 रूपये

चानू ने दिलाया पहला गोल्ड



# जो उत्साह पूरे देश के युवाओं में दिखा... पीएम मोदी का Gen-Z के साथ संवाद



नई दिल्ली। एजेंसी

धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे के करीब 24 घंटे बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पहली बार सार्वजनिक कार्यक्रम में नजर आए। प्रधानमंत्री ने शनिवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए 'विकसित वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम 2026' के प्रतिभागियों से संवाद किया। इस दौरान उन्होंने युवाओं को 21वीं सदी के भारत की सबसे बड़ी ताकत बताते हुए विकसित भारत, सीमावर्ती गांवों, 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' और कारगिल विजय दिवस का जिक्र किया।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए 'विकसित वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम 2026' को संबोधित करते हुए कहा, 'आज का ये कार्यक्रम बहुत विशेष है। देश भर के करीब 250 जिलों के युवा साथी इस कार्यक्रम से जुड़े हैं।'

प्रधानमंत्री ने कहा, 'कुछ साल पहले, हमने 'मेरा युवा भारत, माय भारत' मंच बनाया था। आज इससे देश भर के करोड़ों युवा जुड़े हैं और पूरे देश में माय भारत के युवा साथी बहुत प्रशंसनीय काम कर रहे हैं। 'विकसित भारत डायलॉग' से लेकर 'विकसित वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम' तक, आप सभी ने अपना सामर्थ्य बखूबी दिखाया है।'

### 21वीं सदी की दुनिया को आकार देंगे युवा

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी** ने कहा, 'मेरा हमेशा से यह पक्का मानना रहा है कि आप जैसे युवा भारतीय ही 21वीं सदी की दुनिया को आकार देंगे। यही भारत के युवाओं का असली भविष्य है। आज के युवा 'विकसित भारत' की मुख्य ताकत भी हैं और इसके सबसे बड़े लाभार्थी भी हैं। इसलिए, जब युवाओं की ताकत देश की चुनौतियों और उनके समाधानों से सीधे जुड़ती है, तो भविष्य निश्चित रूप से उज्ज्वल होगा।'

### 3 लाख युवाओं की भागीदारी का किया जिक्र

**प्रधानमंत्री ने कहा,** 'जो उत्साह पूरे देश के युवाओं में दिखा, वो अद्भुत है। लगभग 3 लाख युवाओं ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया और उनमें से 400 से अधिक युवाओं का चयन हुआ।' उन्होंने कहा, 'आप सभी एक सप्ताह तक इन दूर-सुदूर के गांवों में रहे। आपके लिए वह जगह अनजान थी, लेकिन आपने वहां के जीवन को जीने की कोशिश की। आप वहां के लोगों के साथ घुल-मिल गए। अपनी संस्कृति को वहां की संस्कृति से जोड़ा। 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' का इससे बेहतर उदाहरण शायद ही कोई और हो सकता है।'

# मणिपुर के ऋषिकंत सिंह ने रचा इतिहास

नई दिल्ली। एजेंसी

कई बार खेल सिर्फ जीत का नाम नहीं होता, बल्कि आखिरी कोशिश तक हार न मानने का दूसरा नाम होता है। ग्लास्गो राष्ट्रमंडल खेल 2026 में भारत के भारोत्तोलक ऋषिकांता सिंह ने यही जज्बा दिखाया। क्लीन एंड जर्क में लगातार दो प्रयास असफल रहे, सोने का सपना हाथ से फिसल गया, लेकिन चेहरे पर निराशा से ज्यादा संतोष था। वजह थी- भारत की झोली में राष्ट्रमंडल खेलों का दूसरा पदक आ चुका था। पुरुषों के 60 किलोग्राम वर्ग में ऋषिकांता ने रजत पदक जीतकर एक बार फिर साबित किया कि बड़े खिलाड़ी वही होते हैं, जो दबाव में भी देश का सिर ऊंचा कर दें।



### मणिपुर की मिट्टी से निकला एक और सितारा

भारोत्तोलन की बात हो और मणिपुर का नाम न आए, ऐसा कम ही होता है। मीराबाई चानू जैसी दिग्गज खिलाड़ी देने वाली इस धरती ने ऋषिकांता सिंह के रूप में एक और सितारा तैयार किया। इंफाल वेस्ट के रहने वाले ऋषिकांता बचपन से ही भारोत्तोलन की ओर आकर्षित थे। प्रतिभा तो थी, लेकिन उसे निखारने के लिए सही मंच की जरूरत थी।

## न्यूज कॉर्नर



राहुल बोले-

### स्टूडेंट्स पर पैलेट गन चलाने का आदेश किसने दिया, शाह को चिट्ठी लिखी

नई दिल्ली। (ए.) राहुल गांधी ने गृह मंत्री अमित शाह को चिट्ठी लिखी है। इसमें राहुल ने दो सवाल पूछे हैं। पहला- प्रदर्शनकारियों पर पैलेट गन चलाने का आदेश किसने दिया? अगर आपने नहीं तो फिर किसने दिया? दूसरा- सामान्य कपड़ों में आए जिन लोगों ने लाठीचार्ज किया, वे पुलिसकर्मी थे या वॉलंटियर्स? उनकी तैनाती किसने की। राहुल ने ये भी कहा कि स्टूडेंट्स से बात करने के बजाय सिक्योरिटी फोर्स ने उन्हें पीटा, आंसू गैस के गोले छोड़े। सैकड़ों लोग गंभीर रूप से घायल हुए। कइयों के निजी अंगों को जानबूझकर निशाना बनाया गया। 19 साल के छात्र साहिल लोचब की एक आंख चली गई।

### असम में बाढ़ से कैसे हैं हालात?

गुवाहाटी। (ए.) असम के लोग बाढ़ से प्रभावित हैं लेकिन अब हालात में धीरे-धीरे सुधार हो रहा है। रविवार को कई इलाकों में बारिश नहीं होने की वजह से बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में ये पाया गया है कि जलस्तर घटा है। हालांकि अधिकारियों का कहना है कि अभी भी 6.50 लाख से ज्यादा लोग प्रभावित हैं और ये लोग 6 जिलों से संबंधित हैं। इस साल बाढ़ की वजह से 66 लोगों ने अपनी जान गंवाई है। बाढ़ से सबसे ज्यादा प्रभावित जिला शिवसागर है। यहां करीब 2.90 लाख लोग बाढ़ से प्रभावित हैं।

**मृतकों का आंकड़ा बढ़कर 66 हुआ 6.50 लाख से ज्यादा लोग प्रभावित**

# ऑपरेशन सिंदूर ने दिखा दिया आतंकवाद में शामिल लोगों का क्या अंजाम होता है

## कारगिल विजय दिवस पर जवानों के बीच पहुंचे रक्षा मंत्री, पाकिस्तान को दिया कड़ा संदेश

**नई दिल्ली,(कासं)।** कारगिल विजय दिवस पर जवानों के बीच पहुंचे रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पाकिस्तान को कड़ा संदेश देते हुए कहा कि अब पीओके के अलावा किसी मुद्दे पर चर्चा नहीं होने वाली है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान ने भारत की जमीन पर अवैध कब्जा कर रखा है और उसे यह जमीन छोड़नी होगी। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने दिखा दिया है कि आतंकवाद में शामिल लोगों का क्या अंजाम होता है। रक्षामंत्री ने कहा कि पाकिस्तान की हर हरकत का ऐसा जवाब दिया जाएगा जिसकी उसने कल्पना भी नहीं की होगी। सिंह ने कहा कि भारत डेटा सेंटर बनाता है तो वहीं पाकिस्तान कट्टरपंथी सेंटर बनाता है।

वहीं कारगिल के शहीदों को श्रद्धांजलि देते हुए रक्षा मंत्री ने कहा कि आने वाली पीढ़ियां कारगिल के नायकों की वीरता की कहानियों से प्रेरणा लेंगी। उन्होंने द्रास में कहा कि 27वें कारगिल विजय दिवस पर हमारे बहादुर सैनिकों और उनके साहस को सलाम। उन्होंने कहा कि गारगिल विजय भारत माता के मुकुट में जड़े हीरे के समान है। उनसे पहले लद्दाख के उपराज्यपाल वी के सक्सेना, सेना प्रमुख जनरल धीरज सेठ, उत्तरी कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ लेफ्टिनेंट जनरल प्रतीक शर्मा तथा सेना के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने भी युद्ध स्मारक पर पुष्पचक्र अर्पित की। इस दौरान तीन हेलीकॉप्टरों ने एरोहेड की संरचना में उड़ान भरी। इसमें एक उन्नत हल्का हेलीकॉप्टर सबसे आगे था और उसके पीछे दो चीतल हेलीकॉप्टर थे। इन हेलीकॉप्टरों ने युद्ध स्मारक पर पुष्पवर्षा की।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक शनिवार शाम द्रास में बारिश के बीच भारतीय सेना ने शौर्य संध्या का आयोजन किया था। इस कार्यक्रम में ऑपरेशन विजय के दौरान भारतीय सैनिकों द्वारा दिखाए गए अदम्य साहस को याद किया गया और कारगिल युद्ध के शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई। रक्षा मंत्री ने इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया और कारगिल युद्ध में शहीद हुए कुछ सैनिकों के परिजनों को प्रतीकात्मक कलश भी सौंपा। भारतीय सेना ऑपरेशन विजय की 27वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में द्रास में कई कार्यक्रमों का आयोजन कर रही है। यह अवसर 1999 की उस ऐतिहासिक जीत की याद दिलाता है, जब भारतीय सैनिकों ने बर्फ से ढकी ऊंची चोटियों और पाकिस्तानी सैनिकों की लगातार गोलीबारी का सामना करते हुए कारगिल की चोटियों पर दोबारा कब्जा किया था।

## पेपर लीक के खिलाफ आज लोकसभा में पेश हो सकता है नया बिल, दो धाराएं जोड़ीं

**नई दिल्ली,(कासं)।** केंद्र सरकार पेपर लीक रोकने के लिए पब्लिक एग्जामिनेशन एक्ट, 2024 में संशोधन करने जा रही है। पीएम मोदी के आश्वासन के बाद सोमवार को कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग के केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह लोकसभा में नया बिल पेश कर सकते हैं। इसमें सजा और जुर्माने के प्रावधानों को और सख्त किया गया है। बिल में दो नई धाराएं 12ए और 12बी जोड़ी गई हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक इसके तहत केंद्र सरकार एक स्पेशल टास्क फोर्स का गठन करेगी। केंद्रीय जांच एजेंसी या एसआईटी को केंद्र सरकार द्वारा मामला सौंपे जाने के 2 महीने के अंदर जांच पूरी करनी होगी। फास्ट ट्रैक कोर्ट के जरिए रोज सुनवाई होगी। राज्य सरकारें और केंद्र शासित प्रदेश हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश के परामर्श से स्पेशल फास्ट ट्रैक कोर्ट नामित करेंगे। चार्जशीट दाखिल होने के तीन महीने के अंदर ट्रायल पूरा करना जरुरी होगा। रिपोर्ट के मुताबिक बिल में अपील के लिए भी समय सीमा तय की गई है। स्पेशल फास्ट ट्रैक कोर्ट के फैसले के खिलाफ हाई कोर्ट में अपील की जा सकेगी। ऐसी अपील पर दो जजों की बेंच सुनवाई करेगी और इसे 3 महीने के भीतर निपटाने का प्रयास किया जाएगा। अपील फैसले के 30 दिनों के अंदर करनी होगी, जिसे विशेष परिस्थितियों में 90 दिनों तक बढ़ाया जा सकता है।

## 12 वर्षों में 116, 7 वर्षों में 65 भर्ती परीक्षाओं के पेपर लीक, 7.5 करोड़ अभ्यर्थी प्रभावित

**नई दिल्ली (कासं)।** देश में प्रतियोगी और भर्ती परीक्षाओं में पेपर लीक की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। विभिन्न रिपोर्टों और जो मामले अभी तक सामने आए हैं।उसके अनुसार, पिछले 12 वर्षों में देशभर में लगभग 116 परीक्षा प्रश्नपत्र लीक होने की घटनाएं दर्ज की गई हैं। इनमें से पिछले सात वर्षों में ही 65 भर्ती परीक्षाएं पेपर लीक होने तथा परीक्षा अनियमितताओं की चपेट में आई हैं । इन घटनाओं से 19 राज्यों के लगभग 7.5 करोड़ परीक्षार्थी प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से प्रभावित हुए हैं। इसमें परीक्षा माफिया द्वारा अरबों रुपए अवैध तरीके से कमाए हैं। पेपर लीक के कारण कई परीक्षाएं रद्द करनी पड़ीं। जबकि अनेक भर्ती प्रक्रियाएं महीनों या वर्षों तक लंबित रहीं। इससे लाखों युवाओं का समय, आर्थिक संसाधन और मानसिक संतुलन प्रभावित हुआ। विशेषज्ञों का मानना है कि पेपर लीक का नेटवर्क अब संगठित अपराध का रूप ले चुका है।

## हिंसा से कुछ हासिल नहीं होता, हिंसा और तनाव समाधान निकालने में देरी करते हैं

### अन्ना हजारे ने सीजेपी का प्रोटेस्ट खत्म होने पर कहा- देश में लोकतंत्र है, तानाशाही नहीं

**नई दिल्ली,(कासं)।** समाज सेवी अन्ना हजारे ने बीजेपी सांसद धर्मेंद्र प्रधान के केंद्रीय शिक्षा मंत्री पद से इस्तीफा देने के फैसले का स्वागत किया है। इसके साथ ही उन्होंने कॉकरोच जनता पार्टी द्वारा आंदोलन खत्म करने के फैसले को लेकर कहा कि देश में लोकतंत्र है और सभी को इसी आधार पर अपने मुद्दे रखने चाहिए। अन्ना हजारे ने कहा जनता की शिकायतों का समाधान शांतिपूर्ण आंदोलनों और बातचीत के जरिए ही किया जाना चाहिए। क्योंकि हिंसा से कुछ हासिल नहीं होता है। हिंसा और तनाव केवल समाधान निकालने में देरी करते हैं।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक यूपीए सरकार के खिलाफ धरना प्रदर्शन कर पूरे देश में पहचान बनाने वाले 89 वर्षीय अन्ना हजारे ने कॉकरोच जनता पार्टी के आंदोलन के खत्म होने पर अपनी राय रखी। उन्होंने कहा कि किसी भी परेशानी का हल अंत में बातचीत के जरिए ही होता है। उन्होंने कहा कि यह लोकतंत्र है, न कि तानाशाही। हमें हमेशा लोकतंत्र के रास्ते पर ही चलना चाहिए। गांधीवाद के अपने आंदोलनों का जिक्र करते हुए अन्ना हजारे ने कहा कि उन्होंने बिना हिंसा का सहारा लिए 22 बार भूख हड़ताल की थी और इसके जरिए उन्हें कानून में बड़े बदलाव लाने में मदद मिली थी।

अन्ना हजारे ने कहा कि मैंने अपने जीवन में इस तरीके से 22 बार उपवास किए हैं। कभी भी हिंसा का रास्ता नहीं अपनाया और इसी वजह से मैं 10 कानून बनवाने में सक्षम हो पाया। हिंसा सही नहीं है। व्यक्ति कोई भी हो, उसे कभी भी हिंसा में शामिल नहीं होना चाहिए। क्योंकि तनाव और टकराव से केवल समाधान निकालने में देरी ही होती है। उन्होंने कहा कि किसी भी मुद्दे का हल अंत में बातचीत से ही निकलता है। उन्होंने कहा कि यह देखना सरकार का काम है कि जनता क्या कह रही है। जनता के कल्याण के लिए अगर आगे भी आना पड़े, तो इसमें कोई बुराई नहीं है। लेकिन जनहित होना चाहिए। मुद्दे कभी भी हिंसा से नहीं बल्कि लोगों की बातचीत से जरिए ही सुलझते हैं। बता दें यह पहली बार नहीं है, जब अन्ना हजारे ने लोकतंत्र और गांधीवाद की विचारधारा का समर्थन किया हो। यूपीए सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करने में अहम भूमिका निभाने वाले अन्ना हजारे ने हाल ही में सरकार से अनुरोध किया था कि सरकार को सोनम वांगचुक के सब्र की इम्तेहान नहीं लेनी चाहिए।

## कार्टून कॉर्नर




**खास खबर** धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे से भी खत्म नहीं हुआ गतिरोध, अब पीएम मोदी से माफी की मांग पर अड़ा विपक्ष

# पेपर लीक सील के लिए संसोधन बिल

नई दिल्ली। एजेंसी

नीट पेपर लीक विवाद को लेकर धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे के बाद विपक्ष अब छात्र पर कथित पुलिस बर्बरता को लेकर संसद में सरकार पर दबाव बनाने की रणनीति बना रहा है। वे हमले के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की माफी की मांग कर रहे हैं।

सूत्रों ने बताया कि विपक्ष की आगे की रणनीति, जिसमें पेपर लीक विरोधी कानून में प्रस्तावित संसोधन पर उनका रुख भी शामिल है। सोमवार के राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे के चैंबर में इंडी गठबंधन के नेताओं की बैठक में तय की जाएगी। ये घटनाक्रम 'पब्लिक एग्जामिनेशन (प्रिवेंशन ऑफ अनफेयर मीन्स) अमेंडमेंट बिल, 2026' पर संसद में होने वाली तीखी बहस से पहले हो रहा है। इस बिल को सोमवार को लोकसभा में पेश करने, उस पर विचार करने और उसे पारित करने के लिए सूचीबद्ध किया गया है।



### राहुल गांधी ने अमित शाह से मांगा जवाब

**लोकसभा** में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को पत्र लिखा। उन्होंने शांतिपूर्ण ढंग से विरोध कर रहे छात्रों पर हुए बर्बर हमले के लिए जवाबदेही की मांग की और सवाल किया कि क्या गृह मंत्री ने पैलेट गन समेत जानलेवा बल के इस्तेमाल की मंजूरी दी थी।



केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह का कांग्रेस पर हमला

# कांग्रेस थी तो डाकू पनपते थे

## कांग्रेस राज में ग्वालियर-चंबल अपहरण उद्योग बन गया था

### मोहन जी के नेतृत्व में नई रफ्तार से आगे बढ़ रहा मध्यप्रदेश, रविवार को दतिया के बसई में भाजपा प्रत्याशी आशुतोष तिवारी के समर्थन में विशाल जनसभा को संबोधित किया



दतिया।अजयभारत न्यूज

केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने रविवार को दतिया विधानसभा के बसई में पार्टी प्रत्याशी आशुतोष तिवारी के समर्थन में विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि मैं पार्टी को धन्यवाद देता हूं कि आज बसईवासियों से मिलने का मौका मुझे दिया। आज आप सबको देख कर, आपके उत्साह को देख कर मेरा मन संतोष से भरा हुआ है। भारतीय जनता पार्टी के लिए राजनीति न तो कोई शौक है और न ही कोई धंधा, बल्कि यह जनता की सेवा का माध्यम है। हम भाजपा के कार्यकर्ता राष्ट्र के पुनर्निर्माण, जनता के कल्याण, दरिद्र नारायण की सेवा एवं एक विकसित देश और मध्यप्रदेश बनाने के लिए राजनीति करते हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में एक वैभवशाली, गौरवशाली, संपन्न, समृद्ध, आत्मनिर्भर विकसित भारत के निर्माण के लिए हम काम कर रहे हैं। पार्टी जो काम देती है, हम निष्ठा के साथ करते हैं। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष की ही कांग्रेस पार्टी में कोई पूछ-परख नहीं है, ऐसी पार्टी जनता का भला नहीं कर सकती। जनसभा को मध्यप्रदेश शासन के मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल एवं पार्टी प्रत्याशी आशुतोष तिवारी ने भी संबोधित किया।

### मध्यप्रदेश में कांग्रेस के शासनकाल में डाकू पनपते थे

केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि वर्ष 2003 तक कुछ समय को छोड़कर, मध्यप्रदेश में कांग्रेस की सरकारें रहीं। उस दौर में दतिया से लेकर शिवपुरी और ग्वालियर-चंबल क्षेत्र तक शाम 5 बजे के बाद लोग घरों से निकलने से डरते थे, क्योंकि पूरे इलाके में डकैतों का आतंक था। उन्होंने कहा कि उस समय एक-दो नहीं, बल्कि दर्जनों डाकू सक्रिय थे। अपहरण और सामूहिक हत्याएं आम बात थीं और अपहरण एक तरह का उद्योग बन गया था। उन्होंने कहा कि जब मैं मध्यप्रदेश का मुख्यमंत्री बना तब ग्वालियर की एक बैठक में मैंने साफ कहा था, मध्यप्रदेश की धरती पर या तो डाकू रहेंगे या शिवराज सिंह चौहान, दोनों एक साथ नहीं रह सकते। इसके बाद एक साल के भीतर सभी डकैत या तो मारे गए, जेल भेज दिए गए या फिर मध्यप्रदेश छोड़कर भाग गए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस थी तो डाकू पनपते थे, यह कांग्रेस के डीएनए में है। कांग्रेस के समय प्रदेश की सड़कें भी बदहाल थीं, पता ही नहीं लगता था कि, सड़क में गड्ढे हैं या गड्ढों में सड़क है।

### मोदी-मोहन के नेतृत्व में मध्यप्रदेश के विकास को मिली नई रफ्तार

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि कांग्रेस ने प्रदेश को न अच्छी शिक्षा, न सड़कें, न पानी और न ही लोगों को सम्मान दिया, लेकिन आज मुझे गर्व है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विकसित भारत बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश भी लगातार विकास की राह पर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश में सड़क, बिजली और पानी जैसी बुनियादी सुविधाओं का तेजी से विस्तार हुआ है। ग्रामीण विकास के क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण काम हुए। कभी किसी ने कल्पना भी नहीं की थी कि दतिया में मेडिकल कॉलेज, वेटरनरी कॉलेज और फिशरीज कॉलेज बनेंगे। उन्होंने कहा कि मां पीतांबरा मंदिर क्षेत्र के विकास के साथ-साथ बसई में भी कॉलेज की व्यवस्था की गई। कांग्रेस ने कभी ऐसे विकास कार्यों के बारे में नहीं सोचा, जबकि भाजपा सरकार ने उन्हें जमीन पर उतारा।



### अब सिर्फ लाड़ली बहना नहीं, लखपति दीदी बनाना लक्ष्य

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि पिछले दो वर्षों में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मध्यप्रदेश के गरीब परिवारों के लिए लगभग 15 लाख मकान स्वीकृत किए गए हैं। अब प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 8 लाख नए मकानों का कोटा भी तैयार है। इन नए आवासों में बसई के गरीब परिवारों को भी लाभ दिलाने की कोशिश की जाएगी ताकि हर गरीब का अपना घर बन सके। सरकार ने नए पात्र हितग्राहियों की पहचान के लिए दोबारा सर्वे कराया है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2018 तक की सूची में शामिल सभी पात्र लोगों को आवास देने का काम पूरा हो चुका है और अब नए सर्वे के आधार पर पात्र लोगों को योजना का लाभ मिलेगा।

### दतिया में कमल का खिलना तय

केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने जनता से अपील करते हुए कहा कि भाजपा उम्मीदवार श्री आशुतोष तिवारी बचपन से सक्रिय रहे हैं, इन्होंने कभी अपने लिए काम नहीं किया। समाज के लिए अपना जीवन दे दिया। जो काम दिया, वो काम प्रामाणिकता के साथ करते रहे और इनको आदेश मिला कि पूरा समय देकर संगठन मंत्री बनना है, भारतीय जनता पार्टी का, तो जिस संभाग में श्री आशुतोष तिवारी गए, वहाँ भारतीय जनता पार्टी के संगठन में सफलता के झंडे गाड़ दिए। उसके बाद इनको हाउसिंग बोर्ड का अध्यक्ष भी बनाया गया, क्या प्रशासनिक क्षमता है आशुतोष तिवारी की इन्होंने वहाँ भी सफलता के झंडे गाड़ दिए।

### क्षेत्र के विकास के लिए भाजपा को विजयी बनायें -प्रहलाद पटेल

मध्यप्रदेश शासन के मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि दतिया के मतदाता सौभाग्यशाली हैं कि उन्हें अल्प अवधि में दोबारा अपने जनप्रतिनिधि का चयन करने का अवसर मिला है। कांग्रेस विधायक ने पिछले ढाई वर्षों में क्षेत्र के विकास में अपेक्षित सहयोग नहीं दिया। अब जनता के पास विकासवादी जनप्रतिनिधि चुनने का अवसर है और भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी को भारी बहुमत से विजयी बनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार जनादेश का सम्मान करती है तथा विकास कार्यों में कभी दलगत आधार पर भेदभाव नहीं करती।

### ये रहे मंचासीन

बसई जनसभा में मध्यप्रदेश शासन के मंत्री ऐदल सिंह कंषाना, धर्मेंद्र लोधी, गौतम टेटवाल, ग्वालियर सांसद एवं दतिया उपचुनाव के प्रभारी भारत सिंह कुशवाह, संभाग प्रभारी अभयप्रताप सिंह यादव, जिला अध्यक्ष रघुवीर सिंह कुशवाह, विधायक प्रीतम लोधी, केशव बघेल, पूर्व मंत्री सुरेश राठखेड़ा, श्यामसुंदर यादव, भैया साहब लोधी, प्रदेश प्रवक्ता व पूर्व विधायक घनश्याम पिरोनिया, शिवपुरी जिला अध्यक्ष जसमंत सिंह जाटव, प्रेमसिंह राजपूत सहित पार्टी पदाधिकारी मंचासीन रहे।

## सीएम डॉ. यादव ने निवाड़ी के नवीन संयुक्त कलेक्ट्रेट भवन का किया लोकार्पण



भोपाल।अजयभारत न्यूज

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को निवाड़ी में 25 करोड़ 63 लाख रुपए की लागत से निर्मित नवीन संयुक्त कलेक्ट्रेट भवन का लोकार्पण किया। उन्होंने कलेक्टर कक्ष सहित विभिन्न शाखाओं और परिसर का अवलोकन किया। उन्होंने कलेक्ट्रेट परिसर में पौधरोपण किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बहुप्रतीक्षित नवीन कलेक्टर कार्यालय की सौगात मिलने से जनसामान्य को पहले से बेहतर और सुलभ तरीके से नागरिक सेवाओं का लाभ मिल सकेगा। जिला मुख्यालय पर एक ही स्थल पर विभागों के कार्यालय संचालित होने से समयबद्ध और त्वरित रूप से नागरिकों को विभिन्न योजनाओं एवं सरकारी सेवाओं का लाभ सहजता से प्राप्त होगा। लोकार्पण कार्यक्रम के अवसर पर सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण, उद्यानिकी और खाद्य प्रसंस्करण मंत्री एवं निवाड़ी जिले के प्रभारी मंत्री नारायण सिंह कुशवाह, राज्यसभा सांसद महेश केवट एवं विधायक अनिल जैन सहित स्थानीय उपस्थित रहे।

## मन की बात में छाया मप्र का जल संरक्षण मॉडल

### पीएम मोदी ने सीधी-नरसिंहपुर को सराहा

भोपाल।अजयभारत न्यूज

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को प्रसारित मन की बात कार्यक्रम में मध्य प्रदेश के सीधी और नरसिंहपुर जिलों में जल संरक्षण के लिए किए गए कार्यों का उल्लेख किया। उन्होंने कैच द रेन अभियान के तहत सीधी में करीब 1500 तालाब बनाए जाने और नरसिंहपुर में अमृत सरोवरों को विकसित किए जाने की जानकारी साझा की। प्रधानमंत्री ने बारिश की हर बूंद को सहेजने के लिए जल संरक्षण को जन आंदोलन बनाने की अपील की। प्रधानमंत्री ने कहा कि कैच द रेन का संदेश सीधा है जहां और जब बारिश हो, पानी को वहीं सहेजा जाए। उन्होंने कहा कि आज बचाई गई पानी की हर बूंद आने वाली पीढ़ियों के लिए बड़ी पूंजी है। उन्होंने देशवासियों से अपने आसपास मौजूद तालाब, कुएं और बावड़ियों के संरक्षण की जिम्मेदारी लेने का भी आह्वान किया।



### सीधी में 1500 तालाब, नरसिंहपुर में अमृत सरोवरों का संरक्षण

प्रधानमंत्री ने बताया कि मध्य प्रदेश के सीधी जिले में करीब 1500 तालाब बनाए गए हैं, जबकि नरसिंहपुर में अमृत सरोवरों को बेहतर बनाने का काम किया गया है। उन्होंने इन प्रयासों को जल संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। उन्होंने कहा कि बारिश के पानी को सहेजने, भूजल स्तर बढ़ाने, पुराने जल स्रोतों को पुनर्जीवित करने और पौधरोपण को बढ़ावा देने के लिए देशभर में अभियान चलाया जा रहा है। 4 जुलाई से शुरू किए गए विशेष अभियान के तहत गांवों से लेकर शहरों तक लोगों की भागीदारी बढ़ रही है। प्रधानमंत्री ने बताया कि कई स्थानों पर पुराने तालाबों से गाद निकालने, कुओं और बावड़ियों को पुनर्जीवित करने तथा बंद पड़े बोरवेल को भूजल रिचार्ज के लिए इस्तेमाल करने जैसे काम किए जा रहे हैं। उन्होंने महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़ और ओडिशा में हुए जल संरक्षण कार्यों के परिणामों का भी उल्लेख किया।

### ओरछा में सीएम ने स्थानीय लोगों के साथ सुनी मन की बात

मुख्यमंत्री मोहन यादव ने निवाड़ी जिले की धार्मिक और पर्यटन नगरी ओरछा के कंचना घाट पर स्थानीय लोगों के साथ प्रधानमंत्री के 'मन की बात' कार्यक्रम को सुना। इस दौरान पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल, सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन कल्याण, उद्यानिकी तथा खाद्य प्रसंस्करण मंत्री और निवाड़ी जिले के प्रभारी मंत्री नारायण सिंह कुशवाह सहित जनप्रतिनिधि और स्थानीय लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद महेश केवट और निवाड़ी विधायक अनिल जैन भी उपस्थित रहे।

**जल संरक्षण का संदेशः** प्रधानमंत्री के संबोधन में मध्य प्रदेश के जल संरक्षण कार्यों का उल्लेख राज्य के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है। सीधी में तालाब निर्माण और नरसिंहपुर में अमृत सरोवरों के संरक्षण के जरिए बारिश के पानी को रोकने और भूजल स्तर बढ़ाने की कोशिश की जा रही है। 'कैच द रेन' अभियान का उद्देश्य भी जल संरक्षण को सरकारी प्रयासों से आगे बढ़ाकर जनभागीदारी का अभियान बनाना है।

विकसित वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम

## पीएम मोदी ने युवाओं से किया वर्चुअल संवाद



### कलेक्टर चौहान की मौजूदगी में ग्वालियर के युवा भी शामिल हुए संवाद में

ग्वालियर।अजयभारत न्यूज

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार 26 जुलाई को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए विकसित वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम-2026 के तहत सीमावर्ती गाँवों का भ्रमण करकर लौटे माय भारत केन्द्र से जुड़े युवाओं से वर्चुअल संवाद किया और उनके अनुभव सुने। यहां ग्वालियर कलेक्ट्रेट स्थित एनआईसी के वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कक्ष में कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान की मौजूदगी में ग्वालियर जिले के विद्यार्थियों व युवाओं ने भी सीधे प्रसारण के जरिए इस संवाद को देखा व सुना। ग्वालियर जिले के युवा विक्रम सिंह बघेल भी विकसित वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम-2026 के तहत देश के सीमावर्ती गाँवों के भ्रमण पर गए युवाओं में शामिल हैं। एनआईसी के वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कक्ष में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री सोजान सिंह रावत व माय भारत केन्द्र की जिला युवा अधिकारी सुश्री अंजली कुमारी भी उपस्थित थीं। विकसित वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम-2026 कार्यक्रम का आयोजन 4 जून से 30 जून तक किया गया था। जिसमें चयनित युवाओं को लद्दाख, हिमाचल प्रदेश व उत्तराखंड के 74 वाइब्रेंट विलेज (देश के सीमावर्ती गाँव) का भ्रमण कराया गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि माय भारत मंच से अब तक देश के 2.5 करोड़ से अधिक युवा जुड़ चुके हैं। उन्होंने सीमावर्ती गाँवों को अंतिम गाँव न कहकर पहला गाँव बताते हुए कहा कि कठिन परिस्थितियों में देश भक्ति के जज्बे के साथ रह रहे लोगों को करीब से देखना जीवन बदलने वाला अनुभव है। देश के युवाओं ने सीमावर्ती गाँव की यात्रा के दौरान सड़क, बिजली, नल से जल जैसे बुनियादी विकास के साथ-साथ स्थानीय संस्कृति और अद्भुत आतिथ्य सत्कार को समझा है।



### कोयला वाले हनुमान मंदिर पर कथा का पांचवा दिन

## मंदिर नहीं जा सको तो घर को ही बना लो मंदिर : शास्त्री

ग्वालियर।अजयभारत न्यूज



जब भी आपके नगर गांव के मंदिर में कोई उत्सव आयोजित हो तो जरूर सम्मिलित होना चाहिए। यदि मंदिर जाना संभव नहीं हो घर को ही मंदिर बनाकर उत्सव मनाना चाहिए। यह विचार पंडित शरद कुमार शास्त्री ने मोतीझील स्थित कोयला वाले हनुमान मंदिर पर आयोजित हो रही श्रीमद् भागवत कथा के पांचवें दिन रविवार को व्यक्त किए। इस अवसर पर भगवान गोवर्धन की पूजा की गई। सूर्य चंद्र की महिमा का बखान करते हुए उन्होंने कहा कि जिस पर भगवान सूर्य की कृपा होती है उनका आत्मबल मजबूत होता है। सूर्य की किरणों से हड्डियां मजबूत होती है इसलिए हमें नित्य प्रति सूर्य देव को जल देना चाहिए। चंद्रमा के बारे में उन्होंने कहा कि यह मां का कारक है। चंद्रमा खराब होने से मानसिक विकृति पैदा होती है इसलिए हमें चंद्र देव की भी उपासना करनी चाहिए। पूतना वध की कथा सुनाते हुए उन्होंने कहा कि जो महिला दूसरों के बच्चों से ईर्ष्या रखती है वह पूतना के समान है। उन्होंने बताया कि पूतना का जब अंतिम संस्कार किया गया तो उसके शरीर से दुर्गंध की जगह सुगंध आ रही थी। जिस वस्तु या जीव का स्पर्श भगवान के चरणों से हो जाता है वह महकने लगता है।

## प्रधानमंत्री स्वरोजगार योजना को मध्यप्रदेश में लागू करें: भूपेन्द्र जैन

### कैट के प्रदेश अध्यक्ष बनने पर कैट टीम ने किया स्वागत



ग्वालियर।अजयभारत न्यूज

कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स कैट मध्यप्रदेश के अध्यक्ष भूपेन्द्र जैन ने कहा कि पिछले 2 साल से बंद पड़ी प्रधानमंत्री स्वरोजगार योजना को मध्यप्रदेश में लागू करें। भारत सरकार द्वारा रोजगार उपलब्ध कराने के क्षेत्र में उद्यमियों को महत्वपूर्ण योजना दी गई है। जिसे सारे भारत में लागू किया गया है। मध्यप्रदेश ऐसा राज्य है जहां गत 2 वर्षों से इस योजना के क्रियान्वयन पर रोक लगा दी गई है। जबकि उद्योग क्रांति योजना से एक ओर उद्यमी सशक्त होता है वहीं दूसरी ओर रोजगार के अवसर बढ़ते है। कैट इस संबंध में मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री, एमएसएमई मंत्री एवं उच्च अधिकारियों से भेंट करेगा और इस योजना को तुरंत चालू करने का आग्रह करेगा। यह बात मध्यप्रदेश कैट के अध्यक्ष मनोनीत होने के उपरांत अपने स्वागत समारोह में भूपेन्द्र जैन ने कही। उन्होंने कहा कि हम व्यापारियों एवं उद्यमियों के मामले को बहुत तेजी से उठायेंगे और उनके निराकरण तक प्रयास करेंगे।

### यह रहे मौजूद

कैट के जिलाध्यक्ष मुकेश अग्रवाल, महामंत्री रामकुमार गोयल, कोषाध्यक्ष नितिन गोयल, मीडिया प्रभारी हिमांशु छापरिया, सोशल मीडिया प्रभारी रौनक जैन, मयुर गर्ग, रौनक जैन, मोहित जैन, उल्लास बत्रा, राजीव जैन, मनोज चौरसिया, नीरज चौरसिया, अंशुल तपा, निरूपमा मालपानी, साधना सांडिल्य, प्रतिमा महेश्वरी, मानू मुकेश गुप्ता श्याम शुक्ला आदि उपस्थित थे।


**नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम ग्वालियर क्षेत्र के अंतर्गत मेरी संपत्ति **क्षेत्र क्र 19 वार्ड क्रं 46, भवन क्रं 1751, स्थान निम्बलाकर की गोठ ग्वा0** मे स्थित है जो कि **सुरेश कुमार बाजपेई, देवकीनंदन बाजपेई/रामभरोसेलाल बाजपेई** नाम से नगर निगम मे **आई डी क्रं 100008187**8पर दर्ज है। जिसका क्षेत्रफल **2966 वर्गफुट** है। उक्त संपत्ति को **रजिस्ट्रर्ड विक्रय पत्र/मृत्युउपरान्त** द्वारा प्राप्त किया गया है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा मध्यप्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 अंतर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति संपत्तिकर एंव अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र महाराज बाडा औषधालय, क्षे.क्र 19, पर दिनांक 07.07.2026 को किया गया है। जिसका **आवेदन कार्य क्रं 82/2011/25610/25694** प्र. क्र.... 3/11 है। उक्त के संबध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त नगर निगम ग्वालियर सिटी सेंटर मे स्थित संपत्तिकर विभाग कक्ष क्रं. 205,202 मे प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें। नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नही होगी एंव उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

आवेदक का नाम व पता-
**श्रीमती प्रणीता बाजपेई, अभिषेक, विवेक बाजपेई/स्व. श्री सुरेश**
पता- निम्बालकर की गोठ ग्वा0(म.प्र.)
मो0-934025751
विज्ञप्ति जारी दिनांक-26.07.2026

**नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम ग्वालियर क्षेत्र के अंतर्गत मेरी संपत्ति **क्षेत्र क्र 20 वार्ड क्रं 51, स्थान श्री कृष्ण कॉलोनी के पास दानी एन्कलेव ग्वा0** मे स्थित है जो कि **राजकुमार थदवानी/उत्तम चन्द्र थदवानी** नाम से नगर निगम मे **आई डी क्रं 9000012919** पर दर्ज है। जिसका क्षेत्रफल **1091 वर्गफुट** है। उक्त संपत्ति को **रजिस्ट्रर्ड विक्रय पत्र आर-20072601261306 दिनांक 20.07.2026** द्वारा प्राप्त किया गया है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा मध्यप्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 अंतर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति संपत्तिकर एंव अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र 20 सिंधी कॉलोनी बरार समाज, क्षे.क्र 20, पर दिनांक 24.07.2026 को किया गया है। जिसका **आवेदन कार्य क्रं 74/2010/65887/65942** प्र. क्र.... 3/11 है। उक्त के संबध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त नगर निगम ग्वालियर सिटी सेंटर मे स्थित संपत्तिकर विभाग कक्ष क्रं. 205,202 मे प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें। नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नही होगी एंव उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

आवेदक का नाम व पता-
**ममता मोटवानी/प्रताप कुमार मोटवानी**
पता-श्री कृष्ण कॉलोनी के पास दानी एन्कलेव ग्वा0(म.प्र.)
विज्ञप्ति जारी दिनांक-26.07.2026

**नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम ग्वालियर क्षेत्र के अंतर्गत मेरी संपत्ति **क्षेत्र क्र 20 वार्ड क्रं 48, स्थान गोमती की फडी हेमसिंह की परेड ग्वा0** मे स्थित है जो कि **साक्षी चिमनानी/रवि चिमनानी, रवि/ रमेश चन्द्र** नाम से नगर निगम मे **आई डी क्रं 1000087795** पर दर्ज है। जिसका क्षेत्रफल 647 **वर्गफुट** है। उक्त संपत्ति को **रजिस्ट्रर्ड विक्रय पत्र आर-25062601107749 दिनांक 02.07.2026** द्वारा प्राप्त किया गया है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा मध्यप्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 अंतर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति संपत्तिकर एंव अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र 20 सिंधी कॉलोनी बरार समाज, क्षे.क्र 20, पर दिनांक 23.07.2026 को किया गया है। जिसका **आवेदन कार्य क्रं 74/2010/65882/65937** प्र. क्र.... 3/11 है। उक्त के संबध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त नगर निगम ग्वालियर सिटी सेंटर मे स्थित संपत्तिकर विभाग कक्ष क्रं. 205,202 मे प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें। नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नही होगी एंव उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

आवेदक का नाम व पता-
**संजय गुप्ता/गिरजा शंकर गुप्ता**
पता-गोमती की फडी, हेमसिंह की परडे ग्वा0(म.प्र.)
मो0-9826263870
विज्ञप्ति जारी दिनांक-26.07.2026

**नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम ग्वालियर क्षेत्र के अंतर्गत मेरी संपत्ति **क्षेत्र क्र 09 वार्ड क्रं 20, स्थान अशोक कॉलोनी ग्वा0** मे स्थित है जो कि **सहाब सिंह/कल्याण सिंह, ओमप्रकाश कुशवाह/ग्यासीराम** नाम से नगर निगम मे **आई डी क्रं 1002985781** पर दर्ज है। जिसका क्षेत्रफल 800 **वर्गफुट** है। उक्त संपत्ति को **रजिस्ट्रर्ड विक्रय पत्र क्रं 323 दिनांक 30.11.2009** द्वारा प्राप्त किया गया है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा मध्यप्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 अंतर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति संपत्तिकर एंव अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र टप्पा तहसील मुरार, क्षे.क्र09, पर दिनांक को किया गया है। जिसका आवेदन कार्य क्रं प्र. क्र.... 3/11 है। उक्त के संबध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त नगर निगम ग्वालियर सिटी सेंटर मे स्थित संपत्तिकर विभाग कक्ष क्रं. 205,202 मे प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें। नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नही होगी एंव उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

आवेदक का नाम व पता-
**श्रीमती फूलवती देवी/रामप्रकाश**
पता-अशोक कॉलोनी ग्वा0(म.प्र.)मो0-9926648616
विज्ञप्ति जारी दिनांक-26.07.2026

**नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम ग्वालियर क्षेत्र के अंतर्गत मेरी संपत्ति **क्षेत्र क्र 20 वार्ड क्रं 51, स्थान शीतला कॉलोनी ग्वा0** मे स्थित है जो कि **गौरी शंकर/खच्चूराम** नाम से नगर निगम मे **आई डी क्रं 1000079663** पर दर्ज है। जिसका क्षेत्रफल **1500 वर्गफुट** है। उक्त संपत्ति को **रजिस्ट्रर्ड विक्रय पत्र /मृत्युउपरान्त** द्वारा प्राप्त किया गया है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा मध्यप्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 अंतर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति संपत्तिकर एंव अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र 20 सिंधी कॉलोनी बरार समाज, क्षे.क्र 20, पर दिनांक 24.07.2026 को किया गया है। जिसका **आवेदन कार्य क्रं 74/2010/65886/65941** प्र. क्र.... 3/11 है। उक्त के संबध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त नगर निगम ग्वालियर सिटी सेंटर मे स्थित संपत्तिकर विभाग कक्ष क्रं. 205,202 मे प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें। नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नही होगी एंव उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

आवेदक का नाम व पता-
**रामवरन सेन, विकास सेन/स्व. गौरीशंकर, लक्ष्मीदेवी/बबलू**
पता-शीतला कॉलोनी ग्वा0(म.प्र.),मो0-8085176509
विज्ञप्ति जारी दिनांक-26.07.2026

# करीब 60 फीसदी युवा स्मार्टफोन और यूट्यूब के जरिए दुनिया को समझ रहे : सीएम योगी



**नई दिल्ली। अजय भारत न्यूज**

दिल्ली के जंतर मंतर पर हुए प्रदर्शनों के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को आगरा के डॉ. बीआर आंबेडकर विश्वविद्यालय के समारोह में शिक्षकों से कहा कि भारत की प्रगति से चिढ़ने वाली विदेशी ताकतें अत्याधुनिक तकनीक और विदेशी फंड का दुरुपयोग कर समाज में अफवाहें फैलाकर विद्वेष व अव्यवस्था फैलाने का षड्यंत्र रच रहीं हैं। उन्होंने उच्च शिक्षण संस्थानों और शिक्षकों का आह्वान किया कि वे ढाल बनकर युवा पीढ़ी को सोशल मीडिया की भ्रामक सूचनाओं से बचाएं और उन्हें राष्ट्र प्रथम के मार्ग पर लाएं।

दरअसल, नीट पेपर लीक मामले को लेकर देशभर में छात्रों का आंदोलन जारी है। जंतर-मंतर पर हुए प्रदर्शन और उस पर हुए लाठीचार्ज के बाद भाजपा सरकार की छवि पर असर पहुंचा है। मौजूदा राजनीतिक माहौल में मुख्यमंत्री योगी ने युवाओं के दिग्भ्रमित होने पर चिंता जताते हुए खंदारी स्थित शिवाजी मंडपम सभागार में कहा कि करीब 60 फीसदी युवा स्मार्टफोन और यूट्यूब के जरिए दुनिया को समझ रहे हैं।

उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया और गुमनाम प्लेटफॉर्म पर परोसे जा रहे असत्यापित कंटेंट को युवा सच मान बैठते हैं, जिससे समाज अराजकता का शिकार हो रहा है। उन्होंने शिक्षकों से अपील की कि वे छात्रों को सत्य और झूठ का भेद बताएं। गूगल पर मौजूद हर सामग्री प्रामाणिक नहीं होती, इसलिए युवाओं को वापस पुस्तकालयों और संदर्भ ग्रंथों की ओर मोड़ना शिक्षकों की जिम्मेदारी है।सोशल मीडिया की भ्रामक सूचनाओं के खतरे से आगाह करने के साथ ही सीएम योगी ने तकनीक के सकारात्मक उपयोग पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और सोशल मीडिया आज की जरूरत हैं, हम इनसे मुंह नहीं मोड़ सकते। उन्होंने विश्वविद्यालयों से राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) के तहत डुअल डिग्री और नए पाठ्यक्रम लागू करने को कहा। सरकार ने टाटा टेक्नोलॉजीज के सहयोग से प्रदेश के आईटीआई और पॉलिटेक्निक संस्थानों में एआई, ड्रोन टेक्नोलॉजी, 3डी प्रिंटिंग और रोबोटिक्स की ट्रेनिंग की सुविधा शुरू की है, जिसका लाभ उच्च शिक्षण संस्थानों को भी उठाना चाहिए। शिक्षकों को अपनी कक्षाएं रोचक बनानी चाहिए ताकि छात्र बोरियत के कारण क्लास न छोड़ें।कार्यक्रम के दौरान प्राचीन तक्षशिला विश्वविद्यालय और विख्यात वैद्य जीवक का दृष्टांत देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय परंपरा में गुरु की भूमिका योजक की होती है, जो छात्रों की सोई हुई योग्यताओं को उभारता है। सीएम ने स्पष्ट किया कि जब भी भारत अपने स्वर्ण युग की ओर बढ़ता है, विदेशी हमले तेज हो जाते हैं। ऐसे में हमारे विश्वविद्यालय केवल डिग्री बांटने के केंद्र न रहें, बल्कि वे नवाचार, शोध और राष्ट्रभक्ति के ऐसे मजबूत दुर्ग बनें जो दिग्भ्रमित समाज को सकारात्मक दिशा दे सकें। समारोह में कुलपति आशु रानी, केंद्रीय राज्यमंत्री प्रो एसपी सिंह बघेल, उच्च शिक्षामंत्री मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय, प्रभारी मंत्री भूपेंद्र चौधरी, सांसद राजकुमार चाहर आदि जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।



## जहाजों पर नौकरी से पहले बरतें विशेष सावधानी

### ब्लैक सी में बढ़ते हमलों के बीच भारत ने नागरिकों के लिए जारी की एडवाइजरी

**नई दिल्ली। अजय भारत न्यूज**

रूस-यूक्रेन संघर्ष के बीच ब्लैक सी क्षेत्र में बढ़ते मिसाइल और ड्रोन हमलों को देखते हुए भारत सरकार ने भारतीय नागरिकों के लिए नई सुरक्षा एडवाइजरी जारी की है। विदेश मंत्रालय (एमईए) ने विशेष रूप से उन भारतीयों से सतर्क रहने की अपील की है, जो ब्लैक सी क्षेत्र में संचालित व्यावसायिक जहाजों पर नौकरी करने की योजना बना रहे हैं। मंत्रालय ने कहा है कि इस क्षेत्र की सुरक्षा स्थिति अत्यंत संवेदनशील बनी हुई है और रोजगार स्वीकार करने से पहले सभी संभावित जोखिमों का गंभीरता से आकलन किया जाना चाहिए।विदेश मंत्रालय के अनुसार, अप्रैल 2026 से ब्लैक सी और आसपास के समुद्री क्षेत्रों में व्यावसायिक जहाजों पर मिसाइल एवं ड्रोन हमलों की घटनाओं में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। इन हमलों में अब तक पांच भारतीय नागरिकों की मौत हो चुकी है, जिससे भारतीय नाविकों की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। एडवाइजरी में भारतीय नागरिकों को सलाह दी गई है कि वे किसी भी जहाज पर नियुक्ति स्वीकार करने से पहले नियोक्ता, भर्ती एजेंसी और जहाज संचालक से पूरी जानकारी प्राप्त करें। विशेष रूप से जहाज के यात्रा मार्ग, निर्धारित बंदरगाहों, सुरक्षा व्यवस्था, बीमा कवरेज, आपातकालीन निकासी की योजना, चिकित्सा सुविधाओं और दुर्घटना की स्थिति में मुआवजा नीति की जानकारी अवश्य लें।

विदेश मंत्रालय ने यह भी कहा है कि जहाज पर कार्यरत भारतीय अपने परिवार के सदस्यों को यात्रा और जहाज की गतिविधियों की नियमित जानकारी देते रहें तथा उनसे लगातार संपर्क बनाए रखें। साथ ही जहाज संचालकों और भारत के समुद्री प्रशासन द्वारा जारी सभी सुरक्षा निर्देशों का पूरी तरह पालन करने की सलाह भी दी गई है। यह एडवाइजरी हाल ही में ब्लैक सी में हुए दो बड़े हमलों के बाद जारी की गई है।

## गो-तस्करों से पुलिस की मुठभेड़, एक तस्कर के पैर में लगी गोली, दूसरा गिरफ्तार

बलिया। बांसडीहरोड क्षेत्र में शनिवार देर रात पुलिस और गो-तस्करों के बीच हुई मुठभेड़ में एक तस्कर के पैर में गोली लगी, जबकि दूसरे को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने घायल के कब्जे से एक अवैध तमंचा, एक खोखा व एक जिंदा कारतूस और दूसरे के पास से एक अवैध चाकू बरामद करने का दावा किया है।

पुलिस के मुताबिक रात करीब 2:35 बजे बांसडीहरोड तिराहे पर वाहन चेकिंग में मुखबिर से सूचना मिली कि दो व्यक्ति एक गौवंश को चोरी-छिपे छाता गांव की ओर से बांसडीहरोड की तरफ ले जा रहे हैं। सूचना पर पुलिस वहां पहुंची और दोनों को रोकने की कोशिश की। पुलिस का कहना है कि इस दौरान एक तस्कर ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में कयामुद्दीन उर्फ राजू (28) बलिया के दाहिने पैर में गोली लगी। घायल को अस्पताल भेजा गया, जहां उसका इलाज चल रहा है। वहीं दूसरा तस्कर दीपक (40), रसड़ा के पास से एक अवैध चाकू बरामद किया। पुलिस का दावा है कि दोनों गोवंशीय पशु को वध के उद्देश्य से ले जा रहे थे। मामले में संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

## प्रह्लाद जोशी ने संभाला शिक्षा मंत्रालय का कार्यभार

### बोले- प्रधानमंत्री के विश्वास पर खरा उतरने का करूंगा पूरा प्रयास

**नई दिल्ली। अजय भारत न्यूज**

केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने रविवार को शिक्षा मंत्रालय का कार्यभार संभाल लिया। पूर्व केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे के बाद राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सलाह पर उन्हें शिक्षा मंत्रालय का अतिरिक्त प्रभार सौंपा है। जोशी अपने वर्तमान उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के साथ-साथ अब शिक्षा मंत्रालय की जिम्मेदारी भी निभाएंगे।

शनिवार को राष्ट्रपति भवन की ओर से जारी अधिसूचना के बाद रविवार को प्रह्लाद जोशी ने शिक्षा मंत्रालय पहुंचकर औपचारिक रूप से पदभार ग्रहण किया। कार्यभार संभालने के बाद उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन पर जो विश्वास जताया है, उस पर खरा उतरना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि वह पूरी विनम्रता, ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा के साथ नई जिम्मेदारी निभाएंगे तथा शिक्षा क्षेत्र में सरकार की प्राथमिकताओं और देश की अपेक्षाओं को पूरा करने का हरसंभव प्रयास करेंगे। प्रह्लाद जोशी ने कहा कि पिछले वर्षों में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के क्रियान्वयन सहित शिक्षा क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण पहल की गई हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में शिक्षा व्यवस्था को और अधिक प्रभावी, पारदर्शी तथा गुणवत्तापूर्ण बनाने की दिशा में काम जारी रहेगा। यहां बताते चलें कि प्रह्लाद जोशी कर्नाटक की धारवाड़ लोकसभा सीट से लगातार पांच बार सांसद चुने जा चुके हैं और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेताओं में गिने जाते हैं। वे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की पृष्ठभूमि से जुड़े रहे हैं तथा संगठन और सरकार दोनों में लंबा अनुभव रखते हैं। इससे पहले वे संसदीय कार्य, कोयला एवं खान जैसे महत्वपूर्ण मंत्रालयों की जिम्मेदारी भी संभाल चुके हैं। वर्तमान में वे उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय का नेतृत्व कर रहे हैं।



## विदेशी मीडिया ने सीजेपी प्रदर्शन को शासन की जवाबदेही व बेरोजगारी की समस्या से जोड़ा

**नई दिल्ली। अजय भारत न्यूज**

नीट पेपर लीक और भारत की शिक्षा व्यवस्था में गड़बड़ियों को लेकर युवाओं के भारी विरोध प्रदर्शन के बाद मोदी सरकार में शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने इस्तीफा दे दिया है। यह भारत में अपनी तरह का पहला प्रदर्शन था, जिसमें बड़े पैमाने पर जेन-जी युवाओं ने अपनी ताकत दिखाई। यह प्रदर्शन दुनिया भर में सुर्खियों में छा गया और अंतरराष्ट्रीय मीडिया ने इसे भारत में युवाओं की उम्मीद और राजनीतिक जवाबदेही की एक कहानी के रूप में कवर किया।



मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की खबर को पूरी दुनिया की मीडिया ने प्रमुखता से कवर किया है। ज्यादातर रिपोर्ट्स में इसे नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार के लिए अहम राजनीतिक घटनाक्रम के रूप में दिखाया। शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान के इस्तीफे को पीएम मोदी के लिए एक बड़ी राजनीतिक चुनौती बताया है।

अमेरिकी मीडिया ने प्रधान के इस्तीफे को पीएम मोदी के लिए दुर्लभ और बढ़ती चुनौती के रूप में दिखाया है। इन प्रदर्शनों को शासन और जवाबदेही से जुड़ी व्यापक चिंताओं और भारत में युवाओं की बेरोजगारी की समस्या से जोड़ा है। एक रिपोर्ट में सीजेपी के संस्थापक अभिजीत दिपके की बोस्टन यूनिवर्सिटी की पृष्ठभूमि और भारत के मुख्य न्यायाधीश की कॉकरोच वाली टिप्पणी का भी जिक्र किया है।

रिपोर्ट में सीजेपी के प्रदर्शनों को हाल के वर्षों में भारत के सबसे बड़े छात्र नेतृत्व वाले आंदोलनों में से एक बताया। ब्रिटेन मीडिया हाउस ने इसकी तुलना 1970 के नव निर्माण आंदोलन से की। ब्रिटेन के ही एक और मीडिया ने भी इसे प्रमुखता से रिपोर्ट किया। हालांकि, इसने राजनीतिक नतीजों के बजाय सांस्कृतिक प्रतिक्रिया पर ज्यादा ध्यान दिया। रिपोर्ट में भारत की प्रमुख मशहूर हस्तियों की चुप्पी को लेकर प्रदर्शनकारियों की निराशा को जगह दी गई।

## पंजाब में भी पेपर लीक की कई घटनाएं, शिक्षा व स्वास्थ्य मंत्रियों के इस्तीफे की मांग

**नई दिल्ली। अजय भारत न्यूज**

पूर्व केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे के बाद पंजाब की राजनीति में पेपर लीक और परीक्षा विवाद का मुद्दा फिर केंद्र में आ गया है। कांग्रेस, बीजेपी और शिरोमणि अकाली दल ने भगवंत मान सरकार को घेरते हुए शिक्षा मंत्री हरजोत सिंह बैंस और स्वास्थ्य मंत्री डॉ. बलबीर सिंह के इस्तीफे की मांग की है। विपक्ष का कहना है कि यदि राष्ट्रीय स्तर पर परीक्षा संबंधी विवादों के बाद जवाबदेही तय हो सकती है तो पंजाब में भी ऐसा ही होना चाहिए।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक पंजाब प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग ने धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे को युवाओं के संघर्ष की जीत बातया और कहा कि राज्य में भी पेपर लीक की कई घटनाएं सामने आई हैं, लेकिन अब तक न तो किसी मंत्री ने नैतिक जिम्मेदारी ली और न ही दोषियों के खिलाफ कार्रवाई हुई। उन्होंने आरोप लगाया कि आप सरकार के कार्यकाल में फार्मेसी भर्ती परीक्षा, 12वीं अंग्रेजी परीक्षा, ग्रुप-बी भर्ती, नायब तहसीलदार, कृषि अधिकारी और बाबा फरीद यूनिवर्सिटी की फार्मासिस्ट भर्ती परीक्षा समेत कई मामलों में प्रश्नपत्र लीक होने के आरोप लगे। वड़िंग ने कहा कि यदि सरकार ने कार्रवाई नहीं की तो कांग्रेस दिल्ली की तर्ज पर पंजाब में भी आंदोलन करेगी।

वहीं बीजेपी ने भी इस मुद्दे पर आम आदमी पार्टी और अरविंद केजरीवाल पर दोहरे मापदंड अपनाने का आरोप लगाया। दिल्ली सरकार के मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि दिल्ली में छात्र आंदोलनों का समर्थन करने वाले नेता पंजाब के छात्रों के भविष्य से जुड़े मामलों पर चुप्पी साधे हुए हैं। उन्होंने पंजाब के शिक्षा मंत्री हरजोत सिंह बैंस के इस्तीफे और पेपर लीक मामलों की निष्पक्ष जांच की मांग की है, साथ ही सीजेपी के संस्थापक अभिजीत दिपके को उनके उस बयान की याद दिलाई, जिसमें उन्होंने पंजाब में भी छात्रों के मुद्दों पर आवाज उठाने की बात कही थी।शिरोमणि अकाली दल ने भी मान सरकार पर तीखा हमला बोला। सांसद हरसिमरत कौर बादल ने आरोप लगाया कि पिछले साढ़े चार सालों में छह परीक्षा घोटालों से करीब पांच लाख युवाओं का भविष्य प्रभावित हुआ है। उन्होंने शिक्षा मंत्री हरजोत सिंह बैंस और स्वास्थ्य मंत्री बलबीर सिंह को तत्काल पद से हटाने की मांग करते हुए कहा कि सरकार को परीक्षा प्रणाली की विफलता की नैतिक जिम्मेदारी लेनी चाहिए। धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे के बाद विपक्ष के आक्रामक रुख ने पंजाब की आप सरकार पर राजनीतिक और नैतिक दबाव बढ़ा दिया है।

## ईरान पर सबसे बड़े हमले से पीछे हटे ट्रम्प

### सेना को कार्रवाई रोकने का आदेश

**नई दिल्ली। अजय भारत न्यूज**





अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान पर सबसे बड़े हमले को फिलहाल रोक दिया है। द न्यूयॉर्क टाइम्स और एक्सियोस की रिपोर्ट के मुताबिक, शुक्रवार को शीर्ष सलाहकारों और कैबिनेट सदस्यों के साथ बैठक के बाद ट्रम्प ने सेना को नए बड़े हमले रोकने का आदेश दिया।रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिकी सैन्य अधिकारियों ने चेतावनी दी थी कि अगर अभियान और बढ़ाया गया तो मिडिल-ईस्ट में तैनात अमेरिकी सेना के पास पैट्रियट इंटरसेप्टर मिसाइलों और अन्य एयर डिफेंस हथियारों का भंडार गंभीर रूप से कम हो सकता है।जॉइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ के चेयरमैन जनरल डैन केन ने सलाह दी कि बड़े अभियान से मिडिल-ईस्ट में तैनात अमेरिकी सैनिकों और सहयोगी देशों की सुरक्षा प्रभावित हो सकती है।

## देश के युवाओं की भावनाओं का सम्मान करती है सरकार : अमित शाह

### गृह मंत्री शाह ने प्रधान की उपलब्धियों की सराहना की

**नई दिल्ली। अजय भारत न्यूज**



केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के अपने पद से त्यागपत्र देने के बाद गृह मंत्री अमित शाह ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। गृह मंत्री ने कहा कि सरकार के लिए देश, देशवासी और विशेषकर युवा पीढ़ी सर्वोपरि हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं के लिए किसी भी पद से अधिक महत्वपूर्ण देश और उसकी युवा पीढ़ी का भविष्य है। धर्मेंद्र प्रधान का यह कदम इसी भावना को दर्शाता है। उन्होंने आगे कहा कि मोदी सरकार युवाओं की भावनाओं का पूरा सम्मान करती है और पेपर लीक के खिलाफ आवश्यक और कड़े सुधारों के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। दोषियों को कठोर दंड देने और नीट परीक्षा में सफल हुए विद्यार्थियों को न्याय दिलाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा उठाए गए कदम बेहद सराहनीय हैं।

गृह मंत्री ने धर्मेंद्र प्रधान के कार्यकाल की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के प्रभावी क्रियान्वयन, मातृभाषाओं में परीक्षाओं के आयोजन, पीएम श्री विद्यालयों के विस्तार, डिजिटल शिक्षा और कौशल विकास के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य किया है। उनका कार्यकाल भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प के प्रति समर्पण का प्रतीक रहा है। उल्लेखनीय है कि नई दिल्ली के जंतर-मंतर पर कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के विरोध प्रदर्शनों के बीच शिक्षा मंत्री ने अपना पद छोड़ा है।इस्तीफे के बाद धर्मेंद्र प्रधान ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक भावुक संदेश साझा किया। उन्होंने लिखा कि राष्ट्रसेवा उनके जीवन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। वे पिछले चार दशकों से छात्र हित और शिक्षा सुधारों के लिए समर्पित रहे हैं। एक सशक्त और समावेशी शिक्षा प्रणाली ही मजबूत राष्ट्र की नींव होती है और वे युवाओं की न्यायोचित अपेक्षाओं का गहरा सम्मान करते हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री के नेतृत्व में काम करने के अवसर के लिए आभार भी व्यक्त किया। 3 मई को आयोजित नीट यूजी परीक्षा में गड़बड़ी का मामला सामने आने के तुरंत बाद केंद्र सरकार ने जांच सीबीआई को सौंपी, परीक्षा रद्द की और पुनः परीक्षा की तारीखें घोषित कीं। साथ ही, आगामी वर्ष से इस परीक्षा को कंप्यूटर आधारित मोड में आयोजित करने का निर्णय लिया गया। धर्मेंद्र प्रधान ने स्पष्ट किया कि 20 लाख से अधिक विद्यार्थियों के भविष्य को सुरक्षित रखते हुए सुचारू परीक्षा कराना सरकार की पहली प्राथमिकता रही है, जिसके लिए केंद्र और राज्य सरकारों ने मिलकर काम किया।

## कांवड़ यात्रा की तैयारीः योगी सरकार चलाएगी अतिरिक्त बसें

**नई दिल्ली। अजय भारत न्यूज**

योगी सरकार ने आगामी 30 जुलाई से शुरू होने वाली श्रावण मास की कांवड़ यात्रा को सुगम व सुरक्षित बनाने के लिए तैयारियां शुरू कर दी हैं। कांवड़ यात्रियों के लिए यूपीएसआरटीसी अतिरिक्त बसों का संचालन करेगा। साथ ही इस दौरान निगरानी के लिए 24 घंटे चलने वाला कंट्रोल रूम स्थापित किया जाएगा। परिवहन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने निगम बसों के सुरक्षित संचालन और यात्रियों की सुविधाओं को लेकर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए हैं। परिवहन निगम के प्रबंध निदेशक प्रभु नारायण सिंह ने कहा कि प्रत्येक क्षेत्रीय मुख्यालय पर 24 घंटे संचालित होने वाला कंट्रोल रूम स्थापित किया जाएगा। यह कंट्रोल रूम कांवड़ यात्रा शुरू होने से लेकर उसके समापन तक लगातार कार्य करेगा व सभी गतिविधियों का रिकॉर्ड दर्ज किया जाएगा।

**हरिद्वार सहित प्रमुख मार्गों पर अतिरिक्त बसें चलेंगी**

परिवहन मंत्री ने कहा कि कांवड़ यात्रा के दौरान हरिद्वार जाने वाले श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए अतिरिक्त बसों की व्यवस्था की जाएगी। इसके अलावा लखनऊ, अयोध्या, गोरखपुर, वाराणसी और प्रयागराज जैसे प्रमुख मार्गों पर भी आवश्यकता के अनुसार अतिरिक्त बसें संचालित की जाएंगी।

**बस स्टेशनों पर यात्रियों को मिलेंगी बेहतर सुविधाएं**

निर्देश दिए गए हैं कि कांवड़ मार्ग पर स्थित बस स्टेशनों पर पेयजल, स्वच्छ शौचालय, बैठने की व्यवस्था, साफ-सफाई, पूछताछ कक्ष, ध्वनि प्रसारण प्रणाली और खान-पान के स्टॉल सुचारु रूप से संचालित रहें ताकि यात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

## सिद्धारमैया का ऐलान- 2028 का विधानसभा चुनाव नहीं लड़ूंगा

**नई दिल्ली।** कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री और सीनियर कांग्रेस लीडर सिद्धारमैया ने कहा है कि वह 2028 का विधानसभा चुनाव नहीं लड़ेंगे। हालांकि, वह राजनीति में सक्रिय रहेंगे और जनता के मुद्दे उठाते रहेंगे। उन्होंने शनिवार को मंड्या जिले के के.आर. पेट में आयोजित एक कार्यक्रम में कहा- राजनीति अब पूरी तरह भ्रष्ट हो चुकी है और ईमानदार राजनीति के लिए जगह नहीं बची है।

## पेपर लीक के खिलाफ आज नया बिल आ सकता है


**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार पेपर लीक रोकने के लिए पब्लिक एग्जामिनेशन (प्रिवेंशन ऑफ अनफेयर मीन्स) एक्ट, 2024 में संशोधन करने जा रही है।पीएम नरेंद्र मोदी के आश्वासन के बाद सोमवार को कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग के केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह लोकसभा में नया बिल पेश कर सकते हैं। इसमें सजा और जुर्माने के प्रावधानों को और सख्त किया गया है।

## असम के कछार में आयरन कास्टिंग यूनिट में सिलेंडर फटने से 4 मजदूरों की मौत

**नई दिल्ली।** असम के कछार में एक आयरन कास्टिंग यूनिट में सिलेंडर फटने की आशंका वाली घटना में कम से कम चार मजदूरों की मौत हो गई। यह घटना दोपहर में उधार्बोंड पुलिस स्टेशन इलाके के पंग्राम में 'काडे ग्लोबल इंफ्रास्ट्रक्चर एलएलपीओ और आईआरआईडी कास्टिंग वर्क्स एलएलपी कैंपस में हुई। अचानक हुए धमाके से फैक्ट्री को नुकसान पहुंचा और कई लोग घायल हो गए।

**बॉलीवुड**

## करण ने पानी के अंदर तेजस्वी को प्रपोज किया




अभिनेता करण कुंद्रा ने तेजस्वी प्रकाश को मॉरिशस छुट्टियों के दौरान पानी के अंदर प्रपोज किया है। करण ने अपने यूट्यूब चैनल पर शेयर किए ट्रैवल व्लॉग में ट्रिप की झलक दिखाई है। इस व्लॉग में स्कूबा डाइविंग के दौरान करण पानी के अंदर एक घुटने पर बैठकर तेजस्वी को शादी के लिए प्रपोज करते नजर आ रहे हैं। बिना बोले इशारों में करण ने अपने प्यार का इजहार किया, जिसका जवाब तेजस्वी ने मुस्कुराकर दिया।

स्कूबा डाइविंग के दौरान किया प्यार प्रपोज करण कुंद्रा के नए ट्रैवल व्लॉग में दोनों मॉरिशस में छुट्टियों का आनंद लेते दिख रहे हैं। वीडियो में स्कूबा डाइविंग के दौरान करण और तेजस्वी ने पहले अपने हाथों से दिल का आकार बनाया।इसके बाद करण पानी के अंदर ही एक घुटने पर बैठ गए और तेजस्वी से शादी करने की इच्छा जताई।

**मनोरंजन**

## शादी के सवाल पर भड़कीं जैस्मीन भसीन:



टीवी एक्ट्रेस जैस्मीन भसीन जल्द ही रियलिटी शो 'खतरों के खिलाड़ी 15' से छोटे पर्दे पर वापसी कर रही हैं। रोहित शेट्टी के होस्ट वाले इस शो के प्रीमियर से पहले जैस्मीन ने एक इंटरव्यू में अपनी शादी की अफवाहों और लगातार पूछे जाने वाले सवालों पर दो टूक जवाब दिया है।लंबे समय से एक्टर अली गोनी को डेट कर रहीं जैस्मीन ने कहा कि उनकी शादी से किसी का कोई लेना-देना नहीं होना चाहिए। न तो कोई कैटरिंग का बिल भर रहा है और न ही डेकोरेशन का खर्च उठा रहा है।पिंकविला को दिए इंटरव्यू में जैस्मीन भसीन से जब अलि गोनी संग शादी की प्लानिंग के बारे में पूछा गया तो उन्होंने अपनी असहमति जताई।

## नगर निगम से महिला आयोग की कमान तक

# कौन हैं DCW की नई अध्यक्ष लता गुप्ता?, मुरैना की बेटी बनी दिल्ली प्रदेश आयोग अध्यक्ष

नई दिल्ली/मुरैना। अजयभारत न्यूज

मुरैना के सुप्रसिद्ध प्रतिष्ठित एडवोकेट राधेश्याम गुप्ता की सुपुत्री लता गुप्ता को दिल्ली प्रदेश आयोग का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उनकी इस महत्वपूर्ण नियुक्ति की खबर मिलते ही नई दिल्ली से लेकर उनके पैतृक शहर मुरैना तक खुशी की लहर दौड़ गई है।

लता गुप्ता की इस उपलब्धि से न सिर्फ उनके परिवार बल्कि पूरे मुरैना जिले का नाम रोशन हुआ है। नियुक्ति की खबर सोशल मीडिया पर फैलते ही बधाई देने वालों का तांता लग गया है। स्थानीय नागरिकों, रिश्तेदारों और विभिन्न सामाजिक संगठनों ने एडवोकेट राधेश्याम गुप्ता को



अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

दिल्ली मुख्यमंत्री कार्यालय ने सोशल मीडिया पर की गई पोस्ट में कहा, 'दिल्ली सरकार समाज के सभी वर्गों के अधिकारों, सम्मान और कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। यह नियुक्ति समाज के सभी वर्गों के अधिकारों, सम्मान और कल्याण को सुदृढ़ करने तथा सामाजिक सद्भाव और समावेशी विकास को आगे बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं।'

### दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता ने दी बधाई

दिल्ली सीएम रेखा गुप्ता ने नवनियुक्त अध्यक्ष लता गुप्ता को बधाई दी है। उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर कहा, 'दिल्ली महिला आयोग की नव-नियुक्त अध्यक्ष लता गुप्ता एवं सभी सदस्यगण को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। पूर्ण विश्वास है कि आप सभी दिल्ली सरकार के साथ समन्वय स्थापित कर महिलाओं की सुरक्षा, गरिमा, अधिकारों और सशक्तिकरण को नई दिशा देंगी तथा एक



# भारत ने जिम्बाब्वे का टी20 सीरीज में किया सूपड़ा साफ, आखिरी मैच 35 रन से जीतकर 3-0 से जीती सीरीज

नई दिल्ली। अजयभारत न्यूज




भारतीय क्रिकेट टीम ने जिम्बाब्वे दौरे का शानदार समापन करते हुए तीसरे और अंतिम टी20 मैच में मेजबान टीम को 35 रन से हराकर तीन मैचों की श्रृंखला 3-0 से अपने नाम कर ली। हरारे स्पोर्ट्स क्लब में खेले गए मैच में भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में पांच विकेट पर 192 रन का मजबूत स्कोर बनाया। जिसके जवाब में जिम्बाब्वे की टीम भारतीय गेंदबाजों के प्रदर्शन के सामने निर्धारित 20 ओवर में 7 विकेट पर 157 रन ही बना सकी। 193 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी जिम्बाब्वे की शुरुआत बेहद खराब रही। भारतीय तेज गेंदबाज मयंक यादव ने मैच की पहली ही गेंद पर ब्रायन बेनेट को बिना खाता खोले पवेलियन भेज दिया। ऑफ स्टंप के बाहर उठती गेंद पर बेनेट के बल्ले का बाहरी किनारा लगा और पहली स्लिप में खड़े वैभव सूर्यवंशी ने शानदार कैच लपककर भारत को शुरुआती सफलता दिलाई।

इसके बाद यश ठाकुर ने अपने एक ही ओवर में मुकाबले का रुख पूरी तरह भारत की ओर मोड़ दिया। उन्होंने पहले डियोन मेयर्स को 19 रन पर आउट किया और अगली ही गेंद पर जिम्बाब्वे के कप्तान सिकंदर रजा को शून्य पर चलता कर दिया। शुरुआती तीन विकेट जल्दी गिरने से जिम्बाब्वे की टीम दबाव में आ गई।हालांकि वेस्ली माधेवेरे और रेयान बर्ल ने पारी को संभालने की कोशिश करते हुए 60 रन की साझेदारी की। माधेवेरे ने 28 रन बनाए, लेकिन मयंक यादव ने उन्हें आउट कर इस साझेदारी को तोड़ दिया। इसके बाद रवि बिश्नोई ने बेन करन (20) का विकेट हासिल किया, जबकि अशोक शर्मा ने तादिवनाशे मारुमनी को आउट कर जिम्बाब्वे को एक और बड़ा झटका दिया। निचले क्रम के बल्लेबाजों ने संघर्ष जरूर किया, लेकिन भारतीय गेंदबाजों ने नियमित अंतराल पर विकेट लेकर मेजबान टीम को लक्ष्य से काफी दूर रोक दिया।

इससे पहले भारत की बल्लेबाजी की शुरुआत अच्छी नहीं रही। सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा एक बार फिर बड़ी पारी खेलने में नाकाम रहे और सिर्फ दो रन बनाकर ब्लेसिंग मुज़ारबानी की गेंद पर तादिवानाशे मारुमनी को कैच दे बैठे। हालांकि दूसरे छोर पर युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने जिम्मेदारी संभालते हुए शानदार बल्लेबाजी का प्रदर्शन किया।

वैभव ने आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए महज 31 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया। उन्होंने 49 गेंदों पर आठ चौकों और चार छक्कों की मदद से 81 रन की शानदार पारी खेली। यह उनके टी20 अंतरराष्ट्रीय करियर का दूसरा अर्धशतक रहा और दोनों ही अर्धशतक उन्होंने जिम्बाब्वे के खिलाफ लगाए हैं। वैभव की दमदार पारी की बदौलत भारत चुनौतीपूर्ण स्कोर तक पहुंचने में सफल रहा। ईशान किशन 29, श्रेयस अय्यर 27, तिलक वर्मा 11 और रिंकु सिंह ने 25 रन बनाये। भारत की ओर से मयंक यादव ने 3, यश ठाकुर ने 2, अशोक शर्मा और रविविश्नोई ने 1-1 विकेट लिया।

## अगस्त में 14 दिन बैंकों में काम नहीं

नई दिल्ली(का.सं.)। अगले महीने यानी अगस्त में अलग-अलग राज्यों व शहरों में कुल 14 दिन बैंक बंद रहेंगे। 5 रविवार और दूसरे-चौथे शनिवार के अलावा 7 दिन अलग-अलग जगहों पर बैंकों में कामकाज नहीं होगा। ऐसे में अगर आपको इस महीने बैंक से जुड़ा कोई जरूरी काम हो तो इन छुट्टियों के दिनों को छोड़कर आप बैंक जा सकते हैं। 8 अगस्त को महीने का दूसरा शनिवार होने की वजह से देशभर के बैंक बंद रहेंगे। 22 अगस्त को महीने का चौथा शनिवार है, इस दिन भी देश के सभी बैंकों की छुट्टी रहेगी। आप बैंकों की छुट्टी के बावजूद ऑनलाइन बैंकिंग और एटीएम के जरिए पैसे का लेनदेन या अन्य काम कर सकते हैं। इन सुविधाओं पर बैंकों की छुट्टियों का कोई असर नहीं पड़ेगा।

# कॉमनवेल्थ गेम्स में भारत का पहला स्वर्ण पदक

नई दिल्ली। अजयभारत न्यूज

मीराबाई चानू ने बनाया रिकॉर्ड, राष्ट्रगान बजा तो छलक पड़े आंसू ग्लसगो (ईएमएस)। मीराबाई चानू ने कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 में भारत को पहला गोल्ड मेडल दिला दिया है। उन्होंने विमेंस 48 किलो वेटलिफ्टिंग कॉम्पटीशन में 190 किलो (85 किलो स्नैच + 105 किलो क्लीन एंड जर्क) वजन उठाकर कॉमनवेल्थ गेम्स रिकॉर्ड बनाते हुए गोल्ड अपने नाम किया। भारत के अब 3 मेडल (1 गोल्ड, 1 सिल्वर और 1 ब्रॉन्ज) हो गए हैं। इससे पहले रविवार को ऋषिकांत सिंह ने मेंस 60 किलो में 264 किलो (121+143) वजन उठाकर सिल्वर मेडल जीता था। वहीं, शुक्रवार को झंडू कुमार ने पैरा पावरलिफ्टिंग में ब्रॉन्ज दिलाकर भारत को पहला मेडल दिलाया था। भारत अब मेडल टैली सातवें स्थान पर पहुंच गया है। ऑस्ट्रेलिया 12 गोल्ड सहित




24 मेडल के साथ टॉप पर बना हुआ है। नीट पेपर लीक मामले में छात्रों का प्रदर्शन खत्म होने के एक दिन बाद पीएम मोदी ने परीक्षा सुधार के लिए हाईपावर टास्क फोर्स का गठन किया। टीम में छह मेंबर्स हैं। इंफोसिस को-फाउंडर नंदन नीलेकणी इसके अध्यक्ष होंगे।

# पीएम मोदी ने पिछले 4 दिन में इंस्टाग्राम पर तीसरा वीडियो मैसेज पोस्ट कर बोले...

नई दिल्ली। अजयभारत न्यूज

### पेपरलीक रोकने के लिए आज कठोर कानून लाएंगे

पीएम मोदी ने रविवार शाम इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया। मोदी ने कहा- फ्रेंड्स स्टूडेंट के भविष्य के लिए सरकार लगातार कदम उठा रही है। जिन लोगों ने स्टूडेंट के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया। वे जेलों में सड़ रहे हैं। हमने फास्ट ट्रैक कोर्ट बना दिए हैं। हम कल संसद में कठोर सजा के साथ प्रावधान ला रहे हैं। लेकिन हमें भविष्य के बारे में भी सोचना है। हमारी परीक्षा सिस्टम विश्वस्त हो, इसमें सबसे ज्यादा टेक्नोलॉजी का उपयोग हो। नंदन नीलेकणी जी के नेतृत्व में एक हाईपावर टास्क फोर्स बनाने का निर्णय लिया है। जो एग्जॉनेशन रिफॉर्म की तरफ फोकस करेगा।



**परीक्षा सुधार के लिए हाईपावर टास्क फोर्स बनाई**

पीएम मोदी ने कहा कि हालांकि हमें भविष्य की ओर भी देखना होगा। हमारे एग्जामिनेशन सिस्टम को भरोसेमंद और ट्रांसपेरेंट होना चाहिए, और इसमें टेक्नोलॉजी का ज़्यादा से ज़्यादा इस्तेमाल होना चाहिए। इन सभी बातों को ध्यान में रखते हुए हमने दुनिया के जाने-माने टेक्नोलॉजी एक्सपर्ट नंदन नीलेकणी की लीडरशिप में एक हाई-पावर्ड टास्क फोर्स बनाने का फैसला किया है। पीएम मोदी ने कहा कि यह टास्क फोर्स एग्जामिनेशन रिफॉर्म्स पर फोकस करेगी, और इसकी रिपोर्ट के आधार पर आने वाले एग्जाम्स की क्रेडिबिलिटी को जल्द से जल्द पक्का करने के लिए कदम उठाए जाएंगे।

# कॉकरोच जनता पार्टी के बाद अब मैदान में ई20 जनता पार्टी

नई दिल्ली(का.सं.)। नीट पेपर लीक के मुद्दे पर चर्चा में आई कॉकरोच जनता पार्टी के बाद अब सोशल मीडिया पर ई20 जनता पार्टी नाम से एक नया डिजिटल अभियान तेजी से लोकप्रिय हो रहा है। इस अभियान की मुख्य मांग है कि देशभर के पेट्रोल पंपों पर ई20 (20 प्रतिशत एथेनॉल मिश्रित पेट्रोल) के साथ-साथ 100 प्रतिशत शुद्ध पेट्रोल का विकल्प भी उपलब्ध कराया जाए, ताकि उपभोक्ता अपनी जरूरत और वाहन की अनुकूलता के अनुसार ईंधन चुन सकें।

ई20 जनता पार्टी कोई राजनीतिक दल नहीं, बल्कि सोशल मीडिया पर चल रहा एक कंज्यूमर राइट्स (उपभोक्ता अधिकार) अभियान है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X पर बने इसके हैंडल के जरिए ईंधन नीति में पारदर्शिता, सही जानकारी और उपभोक्ताओं को विकल्प देने की मांग उठाई जा रही है। अभियान का कहना है कि जैसे अन्य उत्पादों में ग्राहकों को कई विकल्प मिलते हैं, वैसे ही पेट्रोल खरीदते समय भी उन्हें अपनी पसंद का ईंधन चुनने का अधिकार होना चाहिए।

ई20 जनता पार्टी की मुख्य मांगें हैं-देश के हर पेट्रोल पंप पर ई20 के साथ 100 प्रतिशत शुद्ध पेट्रोल भी उपलब्ध कराया जाए। सरकार ई20 पेट्रोल को बंद न करे, बल्कि उपभोक्ताओं को दोनों विकल्प दे। अलग-अलग ईंधनों की स्पष्ट लेबलिंग की जाए। माइलेज, इंजन पर असर, प्रदूषण और रखरखाव लागत से जुड़े स्वतंत्र शोध सार्वजनिक किए जाएं। ईंधन नीति और एथेनॉल मिश्रण से जुड़े सभी आंकड़े पारदर्शी तरीके से जारी किए जाएं।

अभियान की दलील अभियान से जुड़े लोगों का कहना है कि कई वाहन मालिकों ने ई20 पेट्रोल के उपयोग के बाद माइलेज में कमी, इंजन के प्रदर्शन और रखरखाव लागत को लेकर चिंता जताई है। उनका कहना है कि उपभोक्ताओं को पूरी जानकारी देकर फैसला लेने का अधिकार मिलना चाहिए, न कि केवल एक ही विकल्प दिया जाए।

**कॉकरोच जनता पार्टी से समानता**

ई20 जनता पार्टी की कार्यशैली काफी हद तक कॉकरोच जनता पार्टी जैसी दिखाई दे रही है। दोनों ही सोशल मीडिया, मीम्स और व्यंग्य के जरिए लोगों को जोड़ने का प्रयास कर रहे हैं। कॉकरोच जनता पार्टी की शुरुआत एक व्यंग्यात्मक डिजिटल अभियान के रूप में हुई थी, लेकिन बाद में नीट पेपर लीक को लेकर यह बड़ा छात्र आंदोलन बन गया। अब ई20 जनता पार्टी भी उसी तरह डिजिटल माध्यम से लोगों को जोड़ने की कोशिश कर रही है। अभियान ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट साझा करते हुए लिखा, क्या होगा अगर सभी बाइक और कार मालिक एक साथ आ जाएं? यह शैली कॉकरोच जनता पार्टी के पहले के अभियानों से मिलती-जुलती मानी जा रही है।

**अभी केवल डिजिटल अभियान**

फिलहाल ई20 जनता पार्टी किसी आधिकारिक संगठन या पंजीकृत राजनीतिक दल के रूप में मौजूद नहीं है। इसका कोई घोषित संस्थापक या औपचारिक संगठनात्मक ढांचा सामने नहीं आया है। यह अभी केवल सोशल मीडिया आधारित डिजिटल अभियान है, लेकिन एक्स और इंस्टाग्राम जैसे प्लेटफॉर्म पर इससे जुड़ने वालों की संख्या लगातार बढ़ रही है। हालांकि, इस अभियान ने एथेनॉल मिश्रित ईंधन, उपभोक्ता अधिकार और ईंधन नीति को लेकर नई बहस जरूर छेड़ दी है।

**खास खबर** असम में बाढ़ से 7 लाख लोग प्रभावित, 66 मौतें, हिमाचल में लैंडस्लाइड से 134 सड़कें बंद

# बारिश बनी आफत! गुजरात, महाराष्ट्र-ओडिशा में बारिश का रेड अलर्ट,

नई दिल्ली। अजयभारत न्यूज

मौसम विभाग का कहना है कि बंगाल की खाड़ी से बने लो प्रेशर और वेस्टर्न डिस्टरबेंस के असर से गुजरात, बंगाल, ओडिशा, महाराष्ट्र और पूर्वोत्तर के राज्यों में भारी बारिश हो रही है। लेकिन यह बारिश अब भी सामान्य से 16.1 प्रतिशत कम है। उत्तर भारत में 31 जुलाई तक बारिश का दौर जारी रहेगा। हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, लद्दाख और उत्तराखंड में तेज बारिश की संभावना है। हिमाचल, उत्तराखंड, पंजाब समेत कई राज्यों में भारी बारिश होगी। इधर, असम में बाढ़ के हालात अब भी गंभीर हैं। अब तक 66 की मौत हो चुकी है। 7 लाख से ज्यादा लोग अब भी बाढ़ से प्रभावित हैं। हिमाचल प्रदेश में लगातार हो रही भारी बारिश, भूस्खलन और अचानक आई बाढ़ से 134 सड़कें बंद हैं। 4 जिलों में बारिश का ऑरेंज अलर्ट है। वहीं, बिहार के 17 जिलों में यलो



अलर्ट है। इन जिलों में 40-50 किमी की रफ्तार से हवा चल सकती है। असम में ब्रह्मपुत्र और उसकी सहायक नदियां उफान पर हैं, जबकि जम्मू-कश्मीर के पहाड़ी इलाकों में कई जगह लैंडस्लाइड हुआ है। इन घटनाओं में कई लोगों की जान गई है और हजारों परिवार प्रभावित हुए हैं। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, इस मॉनसून में अब तक करीब 437 लोगों की जान जा चुकी है।गुजरात में लगातार हो रही भारी बारिश से कई जिले बाढ़ की चपेट में हैं। अब तक बाढ़ प्रभावित इलाकों से 40,500 से ज्यादा लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जा चुका है। बारिश से जुड़े हादसों में 5 लोगों की मौत हो गई है। अहमदाबाद में सभी स्कूल, कॉलेज और आंगनवाड़ी केंद्र बंद रहेंगे। असम में बाढ़ से पिछले 24 घंटे में 14 लोगों की मौत के बाद मृतकों की संख्या बढ़कर 61 हो गई है। राज्य के 12 जिलों में बाढ़ से 7.05 लाख से ज्यादा लोग प्रभावित हैं। मध्य प्रदेश में मानसूनी बारिश का स्ट्रॉंग सिस्टम एक्टिव है, जिसके चलते आज प्रदेश के 35 जिलों में बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। उत्तर प्रदेश में पिछले 15 दिनों से लगातार बारिश हो रही है। इसे देखते हुए शनिवार को राज्य के 30 जिलों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है। इधर, राजस्थान में भी बारिश का दौर जारी है। अमरनाथ यात्रा खराब मौसम के कारण 6 दिनों तक स्थगित रहने के बाद शनिवार को फिर से शुरू हो गई। मौसम विभाग का कहना है कि आने वाले दिनों में भी कई राज्यों में भारी बारिश हो सकती है। ऐसे में लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है। लगातार बारिश की वजह से कई जगह सड़कें टूट गई हैं, पुलों को नुकसान पहुंचा है और बिजली व मोबाइल नेटवर्क भी प्रभावित हुए हैं। कई गांवों का संपर्क दूसरे इलाकों से कट गया है। राहत और बचाव टीमें लगातार काम कर रही हैं, लेकिन कई जगह पानी और मलबे की वजह से पहुंचना आसान नहीं है। सबसे ज्यादा असर इस समय असम में देखने को मिल रहा है, जबकि जम्मू-कश्मीर और नागालैंड में भी हालात सामान्य होने में समय लग सकता है। असम इस समय सबसे ज्यादा प्रभावित राज्यों में है। यहां बाढ़ से अब तक 41 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि करीब 7 लाख लोग इससे प्रभावित हुए हैं। ब्रह्मपुत्र और उसकी सहायक नदियों का पानी कई इलाकों में फैल गया है। हजारों लोगों को अपने घर छोड़कर राहत शिविरों में जाना पड़ा है। सबसे ज्यादा असर शिवसागर, चराइदेव, गोलाघाट और जोरहाट जिलों में है। इन जिलों के 939 गांव अब भी पानी में डूबे हुए हैं। बाढ़ की वजह से 24 हजार हेक्टेयर से ज्यादा खेती भी प्रभावित हुई है। इससे किसानों की फसल को बड़ा नुकसान होने की आशंका है।जम्मू-कश्मीर में लगातार बारिश के कारण कई जगह लैंडस्लाइड और अचानक बाढ़ आई है। सबसे बड़ा हादसा 20 जुलाई को पुंछ जिले में हुआ। यहां भूस्खलन के बाद एक कच्चा मकान मलबे में दब गया। इस हादसे में एक ही परिवार के 7 लोगों, जिनमें दो छोटे बच्चे भी

# जहाजों पर नौकरी से पहले बरतें विशेष सावधानी

नई दिल्ली। अजयभारत न्यूज

**-ब्लैक सी में बढ़ते हमलों के बीच भारत ने नागरिकों के लिए जारी की एडवाइजरी**

**-हालिया हमलों में पांच भारतीयों की मौत के बाद जारी हुई सलाह**

रूस-यूक्रेन संघर्ष के बीच ब्लैक सी क्षेत्र में बढ़ते मिसाइल और ड्रोन हमलों को देखते हुए भारत सरकार ने भारतीय नागरिकों के लिए नई सुरक्षा एडवाइजरी जारी की है। विदेश मंत्रालय (एमईए) ने विशेष रूप से उन भारतीयों से सतर्क रहने की अपील की है, जो ब्लैक सी क्षेत्र में संचालित व्यावसायिक जहाजों पर नौकरी करने की योजना बना रहे हैं। मंत्रालय ने कहा है कि इस क्षेत्र की सुरक्षा स्थिति अत्यंत संवेदनशील बनी हुई है और रोजगार स्वीकार करने से पहले



सभी संभावित जोखिमों का गंभीरता से आकलन किया जाना चाहिए।

विदेश मंत्रालय के अनुसार, अप्रैल 2026 से ब्लैक सी और आसपास के समुद्री क्षेत्रों में व्यावसायिक जहाजों पर मिसाइल एवं ड्रोन हमलों की घटनाओं में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। इन हमलों में अब तक पांच भारतीय नागरिकों की मौत हो चुकी है, जिससे भारतीय नाविकों की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। एडवाइजरी में भारतीय नागरिकों को सलाह दी गई है कि वे किसी भी जहाज पर नियुक्ति स्वीकार करने से पहले नियोक्ता, भर्ती एजेंसी और जहाज संचालक से पूरी जानकारी प्राप्त करें। विशेष रूप से जहाज के यात्रा मार्ग, निर्धारित बंदरगाहों, सुरक्षा व्यवस्था, बीमा कवरेज, आपातकालीन निकासी की योजना, चिकित्सा सुविधाओं और दुर्घटना की स्थिति में मुआवजा नीति की जानकारी अवश्य लें।

स्वामित्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अजय दीक्षित द्वारा एन.सी.आर. प्रेस 352/21 मेन धनवापुर रोड, लक्ष्मन विहार गुरुग्राम से मुद्रित एवं ए-239, प्रथम तल बैक साइड, हरी नगर कलाक टॉवर नई दिल्ली से प्रकाशित।
R.N.I. पंजीयन क्रमांक DELHIN/2016/68007 फोन कार्या. 25120276, मो. 88272-57621, 94251-26037, email-ajaybharatmorena@gmail.com